Message from Chief Minister of Uttar Pradesh on UDAY MOU

विद्युत मंत्रालय भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार तथा उत्तर प्रदेश की वितरण कंपनियों अर्थात दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, कानपुर इलेक्ट्रिक सप्लाई कंपनी लिमिटेड, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड एवं पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने UDAY - "Ujwal DISCOM Assurance Yojana" के तहत 30 जनवरी, 2016 को DICSOMs के परिचालन और उनकी वित्तीय स्थिति सुधारने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए। हस्ताक्षर समारोह श्री पीयूष गोयल, विद्युत, कोयला एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की उपस्थिति में आयोजित किया गया था।

The quotes referring efforts of Government of India from the Hon'ble Chief Minister's Message :

"आज का दिन ऊर्जा क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक दिन है, जब उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार एक साथ एक लक्ष्य के लिए प्रतिबद्धता प्रदर्शित कर रहे हैं। लक्ष्य है देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की जनता को चौबीसों घंटे सस्ती बिजली की आपूर्ति।"

"हर्ष की बात यह है कि आज इस सपने को सच करने में केंद्र सरकार भी हमारे साथ खड़ी है।"

"अब इसमें केंद्र सरकार का सहयोग भी प्राप्त हो रहा है, जिसके लिए मैं व्यक्तिगत तौर पर और राज्य सरकार की ओर से केंद्र का आभारी हूँ।"